देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 19.02.2026
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- उत्तराखंड ने सौर ऊर्जा स्थापना में एक गीगावाट का ऐतिहासिक आंकड़ा पार किया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राजकीय दून मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।
- टनकपुर में सात दिवसीय 'चंपावत सरस कॉर्बेट महोत्सव' शुरू।
- और, आईसीसी पुरुष टी–20 क्रिकेट विश्व कप में भारत ने नीदरलैंड्स को 17 रन से हराकर अपना विजयी अभियान जारी रखा।

<u>सौर ऊर्जा</u>

उत्तराखंड ने नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए राज्य में स्थापित सौर ऊर्जा क्षमता को एक गीगावाट से अधिक के स्तर पर पहुँचा दिया है। यह उपलब्धि सतत विकास, पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा सुरक्षा की दिशा में एक मजबूत कदम है।

नवीनतम आंकड़ों के अनुसार राज्य में कुल स्थापित सौर क्षमता एक हजार 27 मेगावाट से अधिक हो चुकी है, जो स्वच्छ और हरित ऊर्जा की दिशा में राज्य की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह उपलब्धि विभिन्न योजनाओं और पहलों के माध्यम से संभव हुई है, जिनमें ग्रिड कनेक्टेड रूफ–टॉप सोलर परियोजनाएं, ग्राउंड माउंटेड सोलर प्लांट, सरकारी भवनों पर सौर संयंत्र, कृषि क्षेत्र के लिए सोलर पंप, घरेलू उपभोक्ताओं के लिए सोलर योजनाएं और व्यावसायिक व औद्योगिक क्षेत्र शामिल हैं।

इस ऐतिहासिक उपलब्धि में उरेडा का विशेष योगदान रहा है। उरेडा ने राज्य में सौर ऊर्जा परियोजनाओं के क्रियान्वयन, जन–जागरूकता, तकनीकी मार्गदर्शन और विभिन्न सरकारी योजनाओं के प्रभावी संचालन में अग्रणी भूमिका निभाई है। राज्य में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए अनुकूल नीतिगत वातावरण, सब्सिडी प्रावधान, सरल अनुमोदन प्रक्रिया तथा निजी निवेश को प्रोत्साहन जैसी पहलों ने भी सकारात्मक परिणाम दिए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और नवीकरणीय ऊर्जा के प्रति उनकी स्पष्ट नीति का परिणाम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने "आत्मनिर्भर भारत" और हरित ऊर्जा के जिस विजन को देश के सामने रखा, उसी से प्रेरित होकर उत्तराखंड में सौर ऊर्जा को जनआंदोलन का रूप दिया गया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उत्तराखंड हरित ऊर्जा के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में अपनी पहचान और मजबूत करेगा।

इंडिया एआई इम्पैक्ट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल शाम भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में शामिल होने वाले वैश्विक नेताओं का स्वागत किया। उनका स्वागत भारतीय संगीत और नृत्य के साथ किया गया। श्री मोदी ने वैश्विक नेताओं के लिए रात्रिभोज का भी आयोजन किया। प्रधानमंत्री आज इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट का औपचारिक उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन समारोह को फ्रांस के राष्ट्रपति, संयुक्त राष्ट्र के महासचिव और दुनिया भर के विभिन्न शीर्ष उद्योगपति भी संबोधित करेंगे। इससे पहले प्रधानमंत्री ने कई विश्व नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं।

मुख्यमंत्री निरीक्षण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कल रात राजकीय दून मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय, देहरादून का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने आपातकालीन कक्ष, वार्डों, दवा वितरण केंद्र, स्वच्छता व्यवस्था और मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके तीमारदारों से सीधे बातचीत कर उपचार, दवाओं की उपलब्धता, जांच सुविधाओं और अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में फीडबैक भी लिया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि अस्पताल में स्वच्छता, दवाओं की उपलब्धता, चिकित्सकीय स्टाफ की उपस्थिति तथा जांच सेवाओं में किसी भी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने गंभीर मरीजों के उपचार में विशेष सतर्कता बरतने और तीमारदारों को आवश्यक जानकारी समय पर उपलब्ध कराने के अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों की व्यवस्थाएं निजी अस्पतालों के समकक्ष बेहतर और भरोसेमंद बनें, यह सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए राज्य सरकार लगातार संसाधनों का विस्तार कर रही है।

चंपावत सरस कॉर्बेट महोत्सव

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कल देहरादून से 'चंपावत सरस कॉर्बेट महोत्सव' का वर्चुअली शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महोत्सव के अंतर्गत पैराग्लाइडिंग, माउंटेन बाइकिंग, हॉट एयर बलून, रिवर राफ्टिंग, पैरामोटरिंग, पक्षी अवलोकन और ट्रेकिंग जैसी साहसिक गतिविधियों के माध्यम से चंपावत को राष्ट्रीय स्तर पर साहसिक पर्यटन के मानचित्र पर स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। टनकपुर में आयोजित सात दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में जिले के विभिन्न स्थानों से आई स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने अपने उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई है। मोनिका बोहरा ने इस तरह के आयोजन करने के लिए सरकार की सराहना की।

टी–ट्वेंटी वर्ल्ड कप

और अब बात आईसीसी पुरूष टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्वकप की.... अहमदाबाद में कल भारत ने नीदरलैंड्स को 17 रन से हराकर अपना विजयी अभियान जारी रखा। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने 20 ओवर में छह विकेट पर 193 रन बनाए। शिवम दुबे ने 31 गेंदों पर सर्वाधिक 66 रन की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नीदरलैंड्स की टीम निर्धारित ओवर में 7 विकेट पर 176 रन ही बना सकी। भारत के लिए वरुण चक्रवर्ती ने तीन और शिवम दुबे ने दो विकेट लिए। हरफनमौला शिवम दुबे को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। भारत का अगला मुकाबला रविवार को अहमदाबाद में दक्षिण अफ्रीका से होगा। यह सुपर–8 में भारत का पहला मैच होगा।

कुमाऊं मंडलायुक्त

कुमाऊ मंडल के आयुक्त दीपक रावत ने अल्मोड़ा के मल्ला महल, राजकीय संग्रहालय और मानस खंड विज्ञान केंद्र का निरीक्षण किया। इसके अलावा उन्होंने रानीखेत तहसील, संयुक्त मजिस्ट्रेट कार्यालय और उप निबंधक कार्यालय का भी निरीक्षण किया। तहसील न्यायालय में दायर वादों की विस्तार से समीक्षा करते हुए आयुक्त ने कई प्रकरणों के काफी समय से लंबित पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

जन–जन की सरकार

देहरादून जिला प्रशासन ने कालसी ब्लॉक की दूरस्थ न्याय पंचायत उद्पाल्टा में "जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार" अभियान के तहत बहुउद्देशीय शिविर लगाया। शिविर में 447 ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ प्रदान किया गया। वहीं, अपर जिलाधिकारी के.के मिश्रा ने सभी जनशिकायतों को गंभीरता से सुना। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही और अनावश्यक विलंब को स्वीकार नहीं किया जाएगा। शिविर में विभिन्न विभागों ने ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी गई।

और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर.....

नई दिल्ली में आयोजित इंडिया एआई इंपैक्ट समिट–2026 को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से पहले पृष्ठ पर प्रकाशित किया है। इस खबर पर नवोदय टाइम्स की सुर्खी है– अगला एआई विश्वगुरु भारत से। दैनिक जगारण लिखता है– भारत में एआई विकास के लिए कंपनियों ने खोली तिजोरी।

राज्य सभा सदस्य के रिक्त पदों पर होने वाले चुनाव पर हिन्दुस्तान समाचार पत्र चुनाव आयोग के हवाले से लिखता है– राज्यसभा की 37 सीटों के लिए 16 मार्च को होंगे चुनाव प्रदेश में मौसम के मिजाज पर अमर उजाला की सुर्खी– आज बारिश– बर्फबारी संभव अमर उजाला एक अन्य शीर्षक में लिखता है– देश में रमजान का महीना शुरू, आज से पहला रोजा देहरादून में आयोजित मुख्यमंत्री चैंपियनशिप ट्राफी पर नवोदय टाइम्स का शीर्षक है– अंतरराष्ट्रीय खेलों की मेजबानी के लिए उत्तराखंड सक्षम प्रदेश के विभिन्न स्थानों से

मिल रही बम की खबरों के बाद अमर उजाला समाचार पत्र की आज की सुर्खी है– दून कोर्ट में धमाके की धमकी ने बढ़ाई धड़कनें, पुलिस, बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वाड ने कोर्ट परिसर छाना। दोपहर तक चली तलाशी के दौरान नहीं मिली कोई संदिग्ध वस्तु।